गैरसैंण, सोमवार
23 जून 2025
वर्ष: 17
अंक: 57 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### वन दरोगा की परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की सड़क हादसे में मौत, दो घायल

बागेश्वर। वन दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा देकर घर लौट रही एक छात्रा रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में उसका चचेरा भाई और एक दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय संजय बोरा पुत्र मदन सिंह बोरा निवासी जिमखोला गरुड़, उसकी चचेरी बहन 20 साल की लता बोरा पुत्री चंदन बोरा और 20 साल की काजल पुत्री देवनाथ निवासी बिनखोला रविवार सुबह स्कूटी से गरुड़ से बागेश्वर आए थे। यहां लता और काजल ने वन दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा दी। परीक्षा देकर अपराह्न दो बजे बागेश्वर से गरुड़ की ओर जा रहे थे। बहुली के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और आसपास के लोगों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने लता को मृत घोषित कर दिया। डॉ. गुंजन ने बताया कि दो अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इधर, कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि मृतका के परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी। घटना की जांच की जाएगी।

### पूर्णागिरि मार्ग पर एक घंटे ठप रहा यातायात

चम्पावत। पूर्णागिरि मार्ग में बाटनागाड़ नाले ने एक बार फिर श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की राह रोक दी। एक घंटे बाधित रहने के बाद फिर मार्ग में आवाजाही शुरू हो गई। बरसात के दिनों में पूर्णागिरि मार्ग पर बहने वाले बरसाती नाले राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनते हैं। गत वर्ष पूर्णागिरि मार्ग के नायकगोठ–थवालखेड़ा गांव के मध्य बहने वाले किरोड़ा नाले के उफान की चपेट में आने से एक जीप बह गई थी, जिसमें सवार तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। रविवार की सुबह पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बरसात से बाटनागाड़ नाला आ गया। जिससे करीब एक घंटा यातायात प्रभावित रहा। लोनिवि के सहायक अभियंता लक्ष्मण सिंह सामंत ने बताया सुबह करीब 10 बजे बाटनागाड़ नाला आ गया था। करीब एक घंटे बाद नाले का प्रवाह कम होते ही मार्ग को यातायात के लिए सुचारु कर दिया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए बूम से आगे प्राइवेट वाहनों पर रोक लगाई है।

### घरेलू कलह के चलते वृद्ध ने नहर में लगाई छलांग

रुद्रपुर। मझोला निवासी एक वृद्ध ने शनिवार देर रात देवहा नहर में छलांग लगा दी। घटना के समय परिवार उसे रोकने के लिए पीछा कर रहा था। जब तक वे उसे रोक पाते, उसने नदी में छलांग लगा दी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम नहर में वृद्ध की तलाश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल पाया था। सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि शनिवार देर रात करीब पौने ग्यारह बजे ग्राम मझोला निवासी 60 वर्षीय राजाराम पुत्र उमाचरन ने घरेलू कलह से तंग आकर हल्दी घेरा फीडर संख्या 30 देवहा नहर में छलांग लगा दी। जबकि उसके पीछे परिवार वाले भी दौड़कर आए, लेकिन जब तक वे वहां पहुंचते उसने छलांग मार दी। सूचना मिलते ही वह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और वृद्ध की तलाश शुरू कर दी। सफलता न मिलने पर रविवार सुबह रुद्रपुर एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया गया और वृद्ध की तलाश की गई। खबर लिखे जाने तक वृद्ध का कुछ पता नहीं चल सका था। वहीं परिवार वालों का रो–रोकर बुरा हाल है। राजाराम के घर में उसके पिता, पत्नी, दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं।

### सेनिटोरियम–रातीघाट बाईपास में पहाड़ी से गिरा मलबा

नैनीताल। सेनिटोरियम–रातीघाट बाईपास में एक पहाड़ी रविवार दोपहर को भरभराकर गिर गई। जिससे भारी मात्रा में आए मलबे से सड़क बंद हो गई। बीते गुरुवार रात से पहाड़ी से लगातार मलबा गिर रहा है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी लोनिवि को दी। इस दौरान भवाली गांव सिरोड़ी के ग्रामीणों को 26 किमी अतिरिक्त सफर तय कर दूसरे रास्ते से जाना पड़ा।

## दर्दनाक हादसा:

# ट्राले से टकराई कार, 4 की मौके पर मौत, एक गंभीर रूप से घायल

देहरादून। यूपी के सहारनपुर से देहरादून आ रहे युवकों के साथ बड़ा हादसा हो गया। रविवार तड़के ट्राले से टकराकर कार सवार 4 युवकों की मौत हो गई,जबकि एक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा हुआ है। पुलिस ने ट्राले को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। वहीं,चारों युवकों के शव कोरोनेशन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रविवार सुबह करीब तीन बजे एक हरियाणा नंबर की कार सहारनपुर से देहरादून की ओर आ रही थी। आशारोड़ी के समीप कार के आगे एक सिमेंट का ट्रॉला चल रहा था। इस दौरान ओवरटेक करने के चक्कर में कार पीछे से ट्राले से टकरा गई। हादसे में कार सवार अंकुश पुत्र अजीत निवासी पुरखास धीरन सोनीपत हरियाणा, पारस पुत्र जयकरण निवासी पुरखास धीरन सोनीपत हरियाणा,



विनय पुत्र विजय निवासी पुरखास धीरन सोनीपत हरियाणा, नवीन पुत्र नरेश निवासी खेड़ी तहसील रोहतक हरियाणा, अंकित पुत्र राजेश निवासी मेरिडा जुलाना जींद हरियाणा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को दून अस्पताल पहुंचाया,यहां डॉक्टरों ने अंकुश,पारस,अंकित और नवीन को मृत घोषित कर दिया,जबकि विजय का उपचार चल रहा है। एसएसपी ने बताया कि शव कोरोनेशन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं, युवकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से ट्राले को कब्जे में लिया गया है। चालक आफताब निवासी शेखपुरा कदीम थाना देहात कोतवाली सहारनपुर जिला सहारनपुर से पूछताछ की जा रही है।

### यूपी की सभी विधानसभाओं में बनेंगे स्टेडियम, सीएम योगी के निर्देश के बाद मांगे गए प्रस्ताव


अलीगढ़। उत्तरप्रदेश में खेल प्रतिभाएं और निखर सकेंगी। ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं सुविधाओं के अभाव में दम नहीं तोड़ेंगी। इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। प्रमुख सचिव युवा कल्याण ने इस संबंध में प्रस्ताव मांगे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते दिनों अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि हर विधानसभा क्षेत्र में एक मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम और हर मंडल में एक आधुनिक स्पोर्ट्स कालेज बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इन स्पोर्ट्स कालेजों को सेंटर आफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाए और इन्हें स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से जोड़ा जाए, ताकि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें। खेल प्रतियोगिताओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक की सभी प्रतियोगिताओं को एकीकृत करते हुए एमपी–एमएलए स्पोर्ट्स गेम्स से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हर जिले में हर आयु वर्ग के लिए खेल प्रतियोगिताएं कराई जाएं, ताकि छिपी हुई प्रतिभाओं को खोजा और तराशा जा सके।

# कांडाखाल के ग्राम हलसी में गुलदार ने महिला को बनाया निवाला

- गांव के समीप खेतों में बकरी चुगाने के लिए गई हुई थी महिला
- घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार: पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों की दहशत थमने का नाम नहीं ले रही। रविवार को द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सभा जवाड़ के हलसी गांव में बकरी चुगाने गई एक महिला को गुलदार ने निवाला बना दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के आसपास घूम रहे गुलदार की सूचना वह कई बार वन विभाग को दे चुके थे। लेकिन, वन विभाग ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। नतीजा, आज गुलदार ने गांव की महिला को अपना निवाला बना दिया। देर शाम तक घटनास्थल पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी पहुंच गए थे।



जानकारी के अनुसार, ग्राम हलसी निवासी लता देवी 35 वर्ष पत्नी जयवीर सिंह रविवार शाम करीब पांच बजे गांव के समीप खेतों में बकरी चुगाने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान झाड़ियों से निकले गुलदार ने उसपर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो खेतों में झाड़ियों के समीप लता देवी का शव पड़ा हुआ था। ग्राम प्रधान नीरज कंडवाल ने बताया कि ग्रामीण पूर्व में कई बार गुलदार की जानकारी वन विभाग को दे चुके थे। लेकिन, वन विभाग ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों ने बताया कि लता लता देवी के पति जयवीर सिंह मेहनत मजदूरी का काम करते हैं। परिवार की आर्थिकी का मुख्य साधन बकरियां ही थी। लता देवी के दो बच्चे भी है। वहीं, समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार के मौके पर पहुंचने का इंतजार करते रहे। वहीं, क्षेत्र में गुलदार की धमक से हलसी, झवाणा, कांडाखाल पल्ला सहित आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक वन विभाग गुलदार को आदमखोर घोषित नहीं करता तब तक वह मौके से शव को नहीं उठने देंगे।

# श्रमिकों द्वारा राष्ट्र निर्माण में जो कार्य किया है वह अविश्वनीय है-सीएम

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को ऋषिकुल आर्युवेदिक कॉलेज ऑडिटोरियम में भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड द्वारा आयोजित युवा कार्यकर्ता सम्मेलन एवं संघ के स्वर्णिम सत्तर वर्षों का समापन समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषिकुल के इतने बड़े संस्थान में एक बड़ा सेन्टर बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन, अध्यात्म, शिक्षा, आयुर्वेद ज्योतिष ध्यान के क्षेत्र में एक केन्द्र बने। इसके लिए घोषणा की कि मदन मोहन मालवीय राज्य शोध संस्थान की स्थापना इस ऋषिकुल में की जायेगी, जिसमें योग, ध्यान एवं अध्यात्म आदि अनेक विधाओं का अध्ययन किया जायेगा। इससे स्प्रिचुअल टूरिज्म को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज भारतीय मजदूर संघ एक विस्तारित रूप में संगठित है, संगठन कों सुरूआती दौर में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा। 23 जुलाई 2025 को यह संगठन अपनी स्थापना के 70 वर्ष पूर्ण कर रहा है। उन्होंने कहा कि सात दशक



की यात्रा में तपस्या एवं राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिए एवं स्वदेशी विचारधारा को लिए हुए संगठन ने श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए तथा भारतीय संस्कृति से युक्त राष्ट्र निर्माण में श्रमिक संगठन का बहुमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन ने श्रम योगी से राष्ट्र योगी बनने का मार्ग प्रशस्त किया। देश की आजादी के बाद देश में संसाधनों की कमी थी लेकिन हमारे श्रमिकों द्वारा राष्ट्र निर्माण में जो कार्य किया है वह अविश्वनीय है। आज देश में संसाधनों की कमी नहीं है।

उन्होंने कहा कि 7 दशक पूर्व देश में श्रामिकों द्वारा संचालित आंदोलनों पर विदेशी विचारधारा से प्रभावित होने के कारण स्वदेशी विचारधारा शून्य रहती थी। उस समय आंदोलनो में वंदे मातरम एवं भारत माता की जय का उद्घोष करने पर विकट स्थिति उत्पन्न हो जाया करती थी। संगठन एक विशाल वृझ बनकर श्रमिकों के हितों के लिए कार्य कर रहा है। संगठन ने देश के श्रमिकों, विद्यार्थियों, एवं युवाओं को एक नई विचारधारा दी है। आज हमारी सरकार श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखकर अनेक योजनाओं के अंतर्गत कार्य कर रही है, देश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। सरकार द्वार चलाए जा रहे श्रम पोर्टल पर करोड़ो श्रमिकों का पंजीकरण हुआ है। हमारी सरकार श्रमिकों के हितों के इएसआई, इएफओं, बीमा की सुविधा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ श्रमिकों का कल्याण कर रही है। श्रमिक भाइयों के हितों के लिए कई योजनाएं लागू की है उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा स्वास्थय एवं मोबाइल की सुविधा दे रही है, उनके 75 मेधावी बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु रुद्रपुर टेक्निकल इंस्टीट्यूट में उच्च तकनीकि शिक्षा प्रदान करा रही है, जिन्हें, शिक्षा, आवास भोजन पूर्ण रूप से निःशुल्क उपलब्ध करा रहे है, जिससे वे बिना किसी आर्थिक बाधा के अपने भविष्य का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि श्रमिक केवल श्रम के साधक ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के पथ निर्माता भी हैं।

### पंचायत चुनाव में अपनी पॉवर दिखाएगी कांग्रेस : हरीश रावत

विकासनगर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से रविवार को सेलाकुई में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस पंचायत चुनाव में अपनी पूरी पॉवर दिखाएगी। उन्होंने चुनाव के समय को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह समय उत्तराखंड में चुनाव कराने के अनुकूल नही है। पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में पहला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है जो मानसून के बीच में हो रहा है। पहाड़ों पर चुनाव का यह अनुकूल समय नहीं है, फिर भी जब सरकार ने चुनाव करने की ठानी है तो कांग्रेस पार्टी जमकर मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में कांग्रेस अधिक से अधिक सीट जीतकर छोटी सरकार में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। कहा कि भाजपा का विकास शहरों तक ही सीमित रह गया है। गांवों की दशा में कोई सुधार नहीं हुआ है। जनता भी इस बात को जानती है कि गांवों तक विकास सिर्फ कांग्रेस की पहुंचा सकती है, लिहाजा पंचायत चुनाव में जनता कांग्रेस का ही साथ देगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर प्रदेश में भ्रष्टाचार और माफियाराज को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने प्रदेश की जनता का भविष्य माफिया के हाथ में सौंप दिया है। शीशमबाड़ा वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को लेकर पूछे गए सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर प्लांट को यहां से हटा दिया जाएगा।

# उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।आईएमडी की मानें तो उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में 22 से लेकर 28 जून तक मौसम खराब रह सकता है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक उत्तर पश्चिमी भारत के विभिन्न हिस्सों में मौसम खराब रह सकता है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के देहरादून और नैनीताल जिलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पौड़ी,चम्पावत, बागेश्वर , पिथौरागढ़ और नैनीताल जिलों के अलग–अलग हिस्सों में भी जोरदार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलने की संभावना है। वहीं अगले 24 घंटे के दौरान टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, चंपावत, अल्मोड़ा और बागेश्वर जिलों में अलग–



अलग स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तरकाशी, उधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, हरिद्वार और देहरादून जिलों में भी जोरदार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। कुछ अन्य जिलों में हल्की बारिश देखी जा सकती है। उत्तराखंड के सभी जिलों में अलग–अलग स्थानों पर बिजली चमकने के साथ तूफानी हवाएं चलने की संभावना है। इन हवाओं की स्पीड 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक देखी जा सकती है।

# पहलगाम हमला-आतंकियों को पनाह देने वाले 2 लोग गिरफ्तार



नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार हैं। पूछताछ में दोनों ने आतंकियों की पहचान बताई और यह भी पुष्टि की कि वे पाकिस्तानी नागरिक थे और प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा (छीळ) से जुड़े हुए थे। परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं।

**पहलगाम हमले में 26 पर्यटकों की जान गई थी**

22 अप्रैल को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। आतंकियों ने पर्यटकों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर चुन–चुनकर निशाना बनाया था। घटना पहलगाम शहर से 6 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में हुई थी।

**हमले की जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे**

हमले के बाद हुई जांच में तीन आतंकियों के नाम सामने आए थे। 24 अप्रैल को अनंतनाग पुलिस ने 3 स्केच जारी किए। इसमें तीन आतंकियों के नाम थे, अनंतनाग का आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली उर्फ तल्हा भाई।

मूसा और अली पाकिस्तानी हैं। मूसा पाकिस्तान के स्पेशल सर्विस ग्रुप में कमांडो रह चुका है। इन पर 20–20 लाख रुपए का इनाम भी रखा गया है।

### दिल्ली अब दूर नहीं... रैपिड रेल का फर्राटेदार ट्रायल पूरा

नई दिल्ली। दिल्ली–मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेन के सफर को लेकर रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। रविवार को पहली बार दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक नमो भारत ट्रेन फर्राटा भरते हुए नजर आई। दावा है कि 48 से 52 मिनट में दोनों तरफ का सफर हुआ। अब किसी भी दिन नमो भारत का संचालन प्रारंभ हो सकेगा, जिसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। संभावना जताई जा रही है कि कांवड़ यात्रा के दौरान जुलाई में सराय काले खां से मोदीपुरम का सफर प्रारंभ हो जाएगा। रविवार को एनसीआरटीसी की ओर से पूरे 82 किलोमीटर लंबे रैपिड रेल कॉरिडोर पर एक घंटे से भी कम समय में टाइम टेबल के अनुसार नमो भारत ट्रेन का सफल ट्रायल रन किया गया। एनसीआरटीसी अधिकारियों के अनुसार पूरे कॉरिडोर पर पहली बार सराय काले खां से मोदीपुरम के बीच नमो भारत ट्रेनों का निर्धारित समय सारिणी के तहत ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें ट्रेनों ने 82 किमी लंबी यात्रा एक घंटे से भी कम समय में पूरी की। नमो भारत ट्रेन का लक्ष्य है कि 50 मिनट में दिल्ली से मेरठ और मेरठ से दिल्ली के बीच का सफर होगा। इस ट्रायल के दौरान मेरठ मेट्रो ट्रेनें भी नमो भारत ट्रेनों के साथ चल रही थीं।

# ईरान–इजरायल तनाव का भारत पर भी होगा असर?

नई दिल्ली। ईरान और इजरायल के बीच शुरू हुए हालिया तनाव को 10 दिन पूरे हो चुके हैं। दोनों देशों के बीच संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसका भारत समेत कई देशों पर बुरा असर हो सकता है। खासकर पश्चिम एशियाई देश ईरान, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन के साथ भारत के व्यापार पर इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो इजरायल और ईरान के साथ भारत का व्यापार पहले ही प्रभावित हो रहा है। वहीं, ईरान पर अमेरिकी हमला मिडिल–ईस्ट को युद्ध के करीब ले जा सकता है। आइए जानते हैं इसका भारत पर क्या असर होगा?

**क्या है समस्या?**

मुंबई आधारिक टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्री के अध्यक्ष शरद कुमार सराफ का कहना है



कि इजरायल और हमास युद्ध के कारण पहले से ही भारतीय बाजार मुसीबतों का सामना कर रहे हैं। ईरान का साथ देने वाले यमन के हूती विद्रोही भी काफी एक्टिव हैं, जिससे शिपिंग कंटेनर्स का लाल सागर से होकर गुजरना मुश्किल हो जाता है। कई जहाजों पर हमले के पीछे हूती विद्रोहियों का हाथ होता है। ऐसे में ज्यादातर सामान को 'केप ऑफ गुड होप' (दक्षिण अफ्रीका) के रास्ते भारत लाना पड़ता है। अब ईरान–इजरायल तनाव के कारण होरमुज के रास्ते भारत आना भी मुश्किल हो गया है। इस रास्ते पर तेल के कंटेनर्स की मूवमेंट खतरे में है। ऐसे में तेल लाने के लिए नए रास्ते की तलाश की जा रही है। इससे भारत में कच्चे तेल के साथ–साथ पेट्रोल और डीजल के दामों में भी उछाल देखने को मिल सकता है।

# आयकर ने मजदूर के घर भेजा 68 लाख का नोटिस

मेरठ , मेरठ के किठौर निवासी मजदूर के आधार कार्ड और पैनकार्ड का इस्तेमाल कर दिल्ली में एक कंपनी बना ली गई।

कंपनी ने कारोबार किया, जिसे लेकर आयकर विभाग ने मजदूर के घर 67.90 लाख रुपये का आयकर वसूली का नोटिस भेज दिया। इसकी जानकारी होने पर मजदूर ने आयकर विभाग में शिकायत की। असलियत पता चली तो एसएसपी के आदेश पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। साइबर क्राइम थाना पुलिस को जांच में लगाया है। किठौर के बोंद्रा गांव निवासी 35 वर्षीय आसिफ अली मजदूरी करता है। दो कमरों के मकान में पत्नी तमन्ना और दो बेटों के साथ रहता है। एक कमरे में पशुओं के चारा काटने की मशीन लगी है, दूसरे कमरे में परिवार गुजर बसर



करता है। आसिफ कभीकभार आरा मशीन पर काम करता है और शहर से बाहर भी किसी फैक्ट्री में मजदूरी करने चला जाता है। उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है।

आसिफ अली के आधार कार्ड और पैनकार्ड पर 2018 में दिल्ली के हैदरपुर में ऋद्धि सिद्धि इंटरप्राइजेज नाम से कंपनी बनाई गई। कंपनी का करोड़ों का कारोबार दिखाया गया। 26 मार्च 2023 को आयकर विभाग ने एक नोटिस आसिफ अली को भेजा। 67.90 लाख रुपये आयकर वसूली का दूसरा नोटिस 2024 और 2025 में भी भेजा। आसिफ को कुछ समझ नहीं आया तो वह आयकर विभाग पहुंचा। बताया वह मजदूरी करता है और किसी कंपनी का मालिक नहीं है। आसिफ का हाल देख अफसर चौंक गए और जांच का आश्वासन दिया। बावजूद इसके न तो नोटिस वापस किया गया और न कोई छानबीन हुई। आसिफ ने एसएसपी मेरठ को 26 अप्रैल को शिकायत की। किसी गिरोह द्वारा पूरी प्लानिंग के साथ दस्तावेज का गलत इस्तेमाल कर धोखाधड़ी की आशंका जताई।

**एसएसपी ने कराया मुकदमा दर्ज**

एसएसपी मेरठ डॉ. विपिन ताडा ने साइबर टीम को कार्रवाई के लिए लगाया। आयकर विभाग से कंपनी का रिकार्ड मांगा। पुलिस अधिकारियों की मानें तो कंपनी में करोड़ों का लेनदेन दिखाया है। धोखाधड़ी की पुष्टि के बाद साइबर क्राइम थाने में आसिफ अली की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज बनाने समेत कई धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भरे बाजार नकाबपोश हमलावरों ने बसपा नेता को मारी गोली

मेरठ । यूपी के मेरठ में मवाना के गोल मार्केट में लिबर्टी शोरूम के मालिक और बसपा नेता को बाइक सवार नकाबपोश हमलावरों ने शनिवार रात 10 बजे सरेआम गोली मार दी। घटना के समय अपने साढू के साथ शोरूम मालिक बाइक से घर जा रहे थे। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। वहीं, घायल को तुरंत ही पहले सीएचसी और इसके बाद मेडिकल कॉलेज मेरठ भर्ती कराया गया। पुलिस भी सूचना पर मौके पर दौड़ी, जिसके बाद आरोपी हमलावरों की तलाश शुरू की गई। फिलहाल हमलावरों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बसपा नेता इमरान इलाही उर्फ बबलू अंसारी मवाना के ही मोहल्ला कल्याणसिंह का निवासी है।

# होटल में महिला से ढाई घंटे तक दुष्कर्म

हरदोई। यूपी से हरदोई से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां होटल में ढाई घंटे तक बंधक बनाकर एक महिला से दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। महिला की हालत बिगड़ने पर आरोपित ठेकेदार उसे सेमरा चौराहे पर छोड़कर भाग निकला। पीड़िता ने कोतवाली पहुंच ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने शहर कोतवाली में दो दिन पहले तहरीर देते हुए शिकायत की थी। महिला ने बताया कि उसका पति राजमिस्त्री है। वह अरवल थाना क्षेत्र के दहेलिया गांव निवासी ठेकेदार मुन्ना के यहां काम करता है। मुन्ना वर्तमान में जरौली शेरपुर में रहता है। 12 जून को घर में बच्चों से हुए विवाद की जानकारी देने महिला मुन्ना के घर पहुंची। मुन्ना ने उसे हरदोई ले जाकर कार्यवाही कराने का झांसा दिया। उसी की बाइक पर बैठकर वह हरदोई आई। दोपहर करीब 12 बजे सदर तहसील के पास स्थित एक होटल में उसे ले गया। होटल में ढाई घंटे तक जबरन बंधक बनाए रखा। इस बीच उसके साथ दुष्कर्म किया। हालत बिगड़ने पर बाइक पर बैठाकर सेमरा चौराहे के पास उसे छोड़कर फरार हो गया। महिला ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद शहर कोतवाली में फरियाद की। इस संबंध में सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपित ठेकेदार की तलाश की जा रही है।


## सम्पादकीय

### पंचायती व्यवस्था का शंखनाद

लंबी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार पंचायत चुनावों को संपन्न करने का सिंहनाद हो चुका है। लंबे समय से पंचायत चुनाव की तैयारी कर रहे स्थानीय लोगों को भी राजनीति के मैदान में कूदने का मौका मिलेगा, साथ ही निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनावों से पंचायती व्यवस्था पटरी पर दौड़ेगी। राज्य के 12 जनपदों (जनपद हरिद्वार को छोड़कर) में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। राज्य में त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन दो चक्रों में संपन्न कराए जायेंगे। नामांकन की पत्रिया 25 जून 2025 से प्रारंभ होगी और पहले चक्रमें आगामी 10 जुलाई 2025 तथा दूसरे चक्रमें 15 जुलाई 2025 को मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। मतगणना 19 जुलाई 2025 को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के निर्वाचन को देखते हुए राज्य में नगरीय क्षेत्रों एवं जनपद हरिद्वार को छोड़कर आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के लिए अपनी बुनियाद की मजबूती आंकने का भी एक खास मौका होगा मुख्य तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए विकास का लेखा—जोखा अब जनता अपने वोट से तय करेगी। हालांकि पंचायत चुनाव में चुनाव चिन्ह प्रयोग नहीं किए जाएंगे लेकिन उम्मीदवार तय है जिन्हें पूर्ण तौर पर राजनैतिक दल समर्थन करेंगे। इधर भाजपा एवं कांग्रेस के अतिरिक्त क्षेत्रीय दलों के लिए भी अपनी जमीन तलाश में का एक यह अच्छा अवसर है, और यदि 30% सीटों पर भी क्षेत्रीय दल या स्थानीय उम्मीदवार सफलता प्राप्त करते हैं तो यह उत्तराखंड की राजनीति के लिए एक बड़ा बदलाव भी साबित हो सकता है। लंबे समय से क्षेत्र में काम कर रहे स्थानीय उम्मीदवार अपनी साख एवं छवि के आधार पर वोट मांगेंगे तो वहीं राष्ट्रीय दलों के समर्थित उम्मीदवार पक्ष और विपक्ष की दलीलों को रखकर जनता के बीच अपनी बात रखेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए की एक पारदर्शी पर निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया से उत्तराखंड में एक लंबी प्रतीक्षा के बाद त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था का गठन होगा जो राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए पूर्ण लगन एवं निजी राजनीतिक स्वार्थों से परे तल्लीनता के साथ कार्य करेंगे।

# नारी शक्ति की डिजिटल उड़ान: तरक्की की नई परिभाषा

**पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी, और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं। लेकिन 'डिजिटल इंडियाइ मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है। विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53त्न से ज़्यादा महिलाएं हैं। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ पा रही हैं।**



**सावित्री ठाकुर**

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक निर्णायक बदलाव की शुरुआत हुई, तभी से भारत ने डिजिटल प्रगति की एक नई दिशा पकड़ी। इन 11 वर्षों में 'डिजिटल इंडिया मिशनइ जैसे जन—केंद्रित अभियानों ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है—विशेषकर महिलाओं के लिए यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और सम्मान की ओर एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। आज की 21वीं सदी में तकनीक सिर्फ शासन और अर्थव्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रही है। और इस बदलाव की सबसे सशक्त मिसाल हैं वे महिलाएं, जो डिजिटल युग में नए अवसरों के साथ नई उड़ान भर रही हैं।

पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी, और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं। लेकिन 'डिजिटल इंडियाइ मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है।

विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53त्न से ज़्यादा महिलाएं हैं। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसरों से जुड़ पा रही हैं।

2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना, जो जेएएम ट्रिनिटी ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के साथ मिलकर विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुकी है, ने भारत में आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। पहले जहाँ करोड़ों महिलाओं के पास बैंक खाते तक नहीं थे और सरकारी लाभ बिचौलियों के हाथों में चले जाते थे, वहीं अब जनधन, आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को एक नई दिशा दी है। इस डिजिटल क्रांति के कारण महिलाएं सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के ज़रिए अपने बैंक खातों में योजनाओं का लाभ पा रही हैं। इससे पारदर्शिता के साथ—साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और पारिवारिक फैसलों में उनकी भूमिका भी मजबूत हुई है।

**डिजिटल कौशल और भविष्य की तैयारी**

तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। स्किल इंडिया मिशन और ई—स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों से लाखों लड़कियों और महिलाओं को उनके मोबाइल पर अब प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे वे बेहतर कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर पा रही हैं। यह बदलाव पहले के सीमित संसाधनों और पहुंच से कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है।

स्वयं और दीक्षा जैसे पोर्टल्स ने महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान जब समस्त दुनिया ठहर सी गई थी। अब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 जिलों में किशोरियों को डिजिटल साक्षरता के साथ—साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में अग्रसर हो सकें।

**डिजिटल युग में महिला उद्यमिता को नया संबल**

एक समय था जब महिलाओं के छोटे व्यवसाय घर की चारदीवारी तक ही सीमित रहते थे और बाज़ार तक पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन बीते वर्षों में महिला—नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिला ई—हाट और गवर्नमेंट ई—मार्केटप्लेस जैसे मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपने उत्पाद ऑनलाइन बेच रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में भी अपनी पहचान बना रही हैं। सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम ने उन्हें एक उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने और अपना ब्रांड खड़ा करने का आत्मविश्वास दिया है।

**स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा में तकनीक की भूमिका**

पोषण ट्रैकर, आरसीएच पोर्टल और ईसंजीवनी जैसे डिजिटल टूल्स ने माताओं एवं एवं बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को बेहद आसान और प्रभावशाली बना दिया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनें मोबाइल ऐप्स की मदद से लाभार्थियों की निगरानी, रिपोर्टिंग और सेवा वितरण का कार्य आसानी से कर पा रही हैं।

महिलाओं की सुरक्षा लंबे समय तक एक ऐसा क्षेत्र रहा, जहाँ तकनीक और त्वरित सहायता तंत्र की गंभीर कमी महसूस होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने ईआरएसएस—112, पैनिक बटन और महिला सुरक्षा ऐप्स जैसे प्रभावशाली उपाय लागू किए, जिनसे अब महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर खुद को पहले से कहीं ज़्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

**एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित) में महिलाओं की भागीदारी**

एसटीईएम जैसे क्षेत्रों में लड़कियों की भागीदारी कभी सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब हालात तेज़ी से बदल रहे हैं। विज्ञान ज्योति और बुद्धिमान—किरण योजना जैसी पहलें छात्राओं को एसटीईएम क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं। भारतीय महिलाएं अब अंतरिक्ष अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल तकनीक महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व क्रांति लाई है। 2014 से अब तक समावेशी नीतियों, योजनाबद्ध प्रशिक्षण और तकनीक की पहुँच के ज़रिए लाखों महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया गया है। अमृत काल की ओर बढ़ते भारत में यह परिवर्तन महिलाओं को केवल भागीदार ही नहीं, बल्कि विकास यात्रा की अगुवा बना रहा है। एक डिजिटल रूप से सशक्त महिला आज केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत की निर्माता है।

# अतीत में अनेक चुनाव धांधली से जीते

**अवधेश कुमार**

एक दृश्य की कल्पना करिये। अगर भारत की छवि ऐसी बन जाए कि यहां सरकार संविधान को ताक पर रख अपने अनुसार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करती है, आयोग फर्जी तरीके से मतदाता सूची बनाता है, मतदान के आंकड़े गलत जारी करता है तथा सरकार के पक्ष में मतदान परिणाम लाता है तो क्या होगा?

यानी पूरी सरकार अनैतिक है जो धांधली के आधार पर संवैधानिक शक्तियों और संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए सत्ता में बनी हुई है। एक देश के रूप में भारत की साख को नष्ट करने का इससे गंदा अभियान कुछ नहीं हो सकता। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अनेक नेता, एक्टिविस्ट मीडिया के कुछ चेहरे लंबे समय से यही अभियान चला रहे हैं। इसके साथ न्यायपालिका सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं को भी इसी तरह संदिग्ध बनाने की रणनीति साफ दिखाई देती है। इन सबके लिए सुविधाओं के अनुसार एकपक्षीय तथ्य और आंकड़े दिए जाते हैं। राहुल गांधी ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट बताते हुए लिखा है कि यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर उन जगहों पर भी ऐसा ही किया जाएगा, जहां—जहां भारतीय भाजपा हार रही होगी। 'अगर आपके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो मेरे लेख में दिए गए सवालों के जवाब दें और इसे साबित करें :

महाराष्ट्र समेत सभी राज्यों के लोक सभा और विधानसभाओं के हाल में हुए चुनाव के लिए समेकित, डिजिटल, मशीन—पठनीय मतदाता सूची प्रकाशित करें और महाराष्ट्र के मतदान केंद्रों से शाम पांच बजे के बाद की सभी सीसीटीवी फुटेज जारी करें। पहली बार पढ़ने पर अवश्य इसमें सनसनाहट पैदा होती है। किंतु चुनाव प्रक्रिया में निचले स्तर भी जुड़ी राजनीति के साधारण व्यक्ति के गले कोई बात नहीं उतरेगी। वैसे ये आरोप नये नहीं हैं। पिछले वर्ष भी चुनाव आयोग ने ऐसे आरोपों का उत्तर दिया था। जिन्हें तथ्यों से कोई लेना—देना नहीं और संपूर्ण भारत की सत्ता को फासिस्ट, अनैतिक और सारी लोकतांत्रिक संस्थाओं का दमन कर कब्जा करने वाला साबित कर विश्व भर में बदनाम करने का जिनका सपना हो वे ऐसे ही खंडित हो चुके आरोपों को बार—बार दोहराएंगे। निर्वाचन आयोग ने छह राष्ट्रीय पार्टियों से बातचीत के लिए अलग—अलग आमंत्रित किया था।

कांग्रेस को छोड़कर शेष सभी चुनाव अधिकारियों से मिले, अपना पक्ष रखा तथा उत्तर सुना। केवल कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा 15 मई को प्रस्तावित बैठक में भाग नहीं लिया था। चुनाव आयोग शायद फिर देश के सामने तथ्य रखे। मीडिया में आयोग के हवाले से जो वक्तव्य आया है उसमें कहां गया है कि किसी के द्वारा प्रसारित कोई भी गलत सूचना चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की बदनामी तथा चुनाव कर्मचारियों का मनोबल तोड़ने वाला होता है, जो इस बड़ी कवायद के लिए अथक परिश्रम करते हैं। यह सही है कि देश में चुनावी प्रक्रिया में जितनी संख्या में सरकारी कर्मचारी, गैर सरकारी संस्थाएं, राजनीतिक दल , पत्रकार, आम लोग लगते हैं ऐसे बयान उन सबके परिश्रम को निष्फल करने वाला तथा उनके अंदर गुस्सा और निराशा पैदा करना है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों पर ही एकपक्षीय अभियान चल रहा है। स्वतंत्रता के बाद से केंद्र सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करती रही है। इसके विपरीत राहुल और विरोधी ऐसी छवि बना रहे हैं मानो पहले नियुक्ति दूसरे तरीके से होती थी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने उसे पलट दिया है। सच यह है कि इसमें विपक्ष के नेता का प्रावधान डालकर ज्यादा विमर्शमूलक बनाया गया है। 25 चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा हुई। राजनीति में रहते हुए राजनीतिक सत्ता को ही अविसनीय बना देना किस तरह की लोकतांत्रिक सोच का परिचायक है? अब आएं महाराष्ट्र चुनाव संबंधी अन्य आरोपों पर। राहुल आरोप लगा रहे हैं कि मतदाताओं की संख्या वृद्धि असामान्य है। बोगस मतदाता शब्द प्रयोग उन्होंने इस आधार पर किया कि 5 वषी में 31 लाख मतदाता तथा केवल अंतिम पांच महीना में 41 लाख मतदाता बढ़ गए। बढ़े हुए 40 लाख 81 हजार 229 मतदाताओं में से 26 लाख 46 हजार 608 युवा मतदाता थे। पुराने आंकड़े देखिए। 2014 से 2019 के बीच 63 लाख नये मतदाता जुड़े जबकि 2009 से 2014 के बीच 75 लाख तथा 2004 से 2009 के बीच एक करोड़ नये मतदाता बने थे। अब इससे तुलना करिए। क्या लगता है कि 2024 में ऐसा असामान्य हो गया या बोगस मतदाता आ गए जैसा राहुल बता रहे हैं? लोक सभा और विधानसभा चुनाव के बीच मतदाता वृद्धि का आंकड़ा भी यही बताता है। 2024 विधानसभा में लोक सभा की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक मतदाता थे तो 2009 में 4 प्रतिशत, 2014 में 3 प्रतिशत, 2019 में एक प्रतिशत और 2024 में 4 प्रतिशत अधिक मतदाता थे। इसलिए यह कहना कि 2024 महाराष्ट्र चुनाव में असामान्य हो गया तथ्यों के आधार पर हास्यास्पद लगता है। अंतिम घंटे में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के आरोप की सच्चाई जानने के लिए प्रति घंटे मतदान का औसत निकालिए। हर घंटे औसत 5.83 प्रतिशत मतदान हुआ। वे पूछ रहे हैं कि अंतिम एक घंटे में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि कैसे हो गई? 5 बजे से 6 बजे के बीच की बात करने वालों को समझना चाहिए कि जो मतदाता 6 बजे तक मतदान केंद्र पर पहुंच जाते हैं देर होने पर भी वह मतदान करते हैं। मतदान प्रतिशत भी 5 से 6 बजे के बीच का ही अंकित होगा, किंतु हो सकता है 7 बजे 8 बजे तक मतदान हुआ हो। यह महाराष्ट्र तक सीमित भी नहीं है। आप 2024 के लोक सभा चुनाव के कुछ आंकड़े देखिए। उदाहरण के लिए दूसरे चरण में शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत 60.96 था।

## सन ऑफ सरदार 2 की रिलीज डेट का एलान




सन ऑफ सरदार के सीक्वल का इंतजार खत्म हो गया है. पूरे 13 साल बाद सन ऑफ सरदार का सीक्वल आ रहा है और फिल्म की रिलीज डेट के साथ—साथ अजय देवगन का फर्स्ट लुक पोस्टर भी आ चुका है. फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर में अजय देवगन बतौर सरदार अपने मूछों को ताव देते दिख रहे हैं. साथ ही पोस्टर पर फिल्म की रिलीज डेट के साथ स्टारकास्ट के नाम का भी खुलासा किया है.

पोस्टर की बात करें तो इस पर लिखा है, द रिटर्न ऑफ द सरदार. वहीं पोस्ट के कैप्शन में फिल्म की रिलीज डेट लिखी हुई है. बता दें, दो चलती बाइक पर खड़े होकर स्टंट करने वाले अजय देवगन अब बाइक नहीं बल्कि दो वॉर टैंक पर खड़े होकर एक्शन करने वाले हैं, जो फिल्म के पोस्टर में नजर आता है. ब्लैक लेदर शूज, ब्लैक पैंट, व्हाइट टी—शर्ट पर ब्लैक जैकेट और सिर पर पगड़ी लगाए अजय देवगन का फर्स्ट लुक शानदार दिख रहा है. वह अपनी मूछों को भी ताव देते दिख रहे हैं. बता दें, फिल्म सन ऑफ सरदार 2 आगामी 25 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. इससे पहले बीती 6 अगस्त 2024 को अजय देवगन ने अपनी फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग शुरू की थी. एक्टर ने सेट से एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें फिल्म की पूजा—पाठ की गई थी. इसके बाद सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग के वीडियो वायरल हुए थे,

## सूर्या45 के शीर्षक से उठा पर्दा, सूर्या की अगली फिल्म करुप्पु का प्री—लुक पोस्टर भी रिवील

सूर्या की 45वीं फिल्म का नाम करुप्पु है। आज निर्माताओं ने निर्देशक आरजे बालाजी के जन्मदिन पर फिल्म का प्री—लुक पोस्टर जारी किया है। इस फिल्म का अस्थाई नाम सूर्या45 है। अब इस फिल्म का नाम करुप्पु ऑफिशियली अनाउंस कर दिया है।

फिल्म का पोस्टर लाल रंग है। इसमें एक साइड में एक घोड़े की धूंधली तस्वीर दिखाई दे रही हैं, जिस पर एक घुड़सवार दिखाई दे रहा है। साथ ही पोस्टर के बीच में एक शख्स खड़ा नजर आ रहा है, जिसके हाथ में एक खतरनाक हथियार दिखाई दे रहा है। हो सकता है कि यह शख्स सूर्या ही हों।

सूर्या को आखिरी बार फिल्म रेट्रो में देखा गया था, जो ज्यादा सफल नहीं हुई। इस फिल्म को आरजे बालाजी डायरेक्ट कर रहे हैं।

## बुमराह, यशस्वी और पंत की गलती ने किया भारत का तगड़ा नुकसान

नई दिल्ली। क्रिकेट में एक कहावत आम है। कहा जाता है कि मैच जीतने के लिए कैच पकड़ना जरूरी है। कैच छोड़ोगे तो मैच फिसल जाएगा। इंग्लैंड दौरे पर पहुंची भारत की युवा टीम इस बात से अनजान दिख रही है और कैच पर कैच टपकाए जा रही है। इसका नुकसान उसे भुगतना पड़ा है। हैरी ब्रूक ने इस मैच में शानदार पारी खेली। ब्रूक काफी पहले ही आउट हो गए होते, लेकिन भारत ने उन्हें तीन जीवनदान दिए। हालांकि तीन जीवनदान के बाद भी ब्रूक शतक नहीं बना सके और तीसरे दिन दूसरे सेशन में 99 रनों पर आउट हुए। ब्रूक यहां तक भी नहीं आ पाते अगर भारतीय फील्डरों ने उनका साथ नहीं दिया होता तो। और अगर ब्रूक पहले ही आउट हो गए होते तो भारत की इस मैच में स्थिति बेहद मजबूत हो सकती थी। अब ब्रूक ने जो रन बनाए हैं वो भारत को भारी




पड़ सकते हैं और इससे उनकी बढ़त कम हो सकती है और हो सकता है कि भारत के हिस्से बढ़त भी न आए।

एक नहीं मिले तीन जीवनदान

ब्रूक को पहला जीवनदान मिला था दूसरे दिन आखिरी ओवर में। बुमराह की छोटी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने उनका कैच लपक लिया था, लेकिन यहां किस्मत ने उनका साथ दिया। ये गेंद नो बॉल थी। ब्रूक दूसरे दिन बिना खाता खोले नाबाद लौटे थे। वहीं दूसरे दिन उन्हें एक और जीवनदान मिला जब वह 42 रनों पर थे। रवींद्र जडेजा की गेंद ने उनके बल्ले का किनारा लिया जिसे विकेटकीपर पंत अपने दस्तानों में कैद नहीं कर पाए।

ब्रूक को तीसरा जीवनदान 82 के कुल स्कोर पर मिला। इस बार भी गेंदबाज बुमराह थे। ऑफ स्टम्प के बाहर की गेंद को ब्रूक ने खेला और गेंद ने बल्ले का बाहरी किनारा लिया। गेंद गई स्लिप में खड़े यशस्वी के पास जिन्होंने ये कैच टपका दिया। यहां से ब्रूक शतक के करीब पहुंचे। लग रहा था कि वह शतक बना लेंगे। तभी प्रसिद्ध कृष्णा की एक बाउंसर ने उन्हे डीप स्क्वायर लेग पर शार्दुल ठाकुर के हाथों आउट कर दिया। ठाकुर ने इंग्लिश बल्लेबाज को चौथा जीवनदान नहीं दिया। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 112 गेंदों का सामना किया जिनमें से 11 पर चौके और दो पर छक्के मारे।

## राजकुमार राव की मालिक का नया गाना दिल थाम के रिलीज

अपनी संक्रमक ऊर्जा और मनमोहक वाइब के साथ, दिल थाम के टीज़र ने दर्शकों को तुरंत प्रभावित किया। निर्माताओं ने अब उत्साहित करने वाला ट्रैक रिलीज़ कर दिया है, जिसमें हुमा कुरैशी अपने भयंकर मूव्स और निर्विवाद आकर्षण के ज़रिए स्क्रीन पर धमाल मचा रही हैं, जो इस धमाकेदार गाने में एक नया स्वाद लेकर आया है। प्रतिभाशाली जोड़ी सचिन—जिगर द्वारा रचित, दिल थाम के बोल बहुमुखी अमिताभ भट्टाचार्य द्वारा लिखे गए हैं, जिन्हें रश्मीत कौर और राणा मजूमदार ने गाया है। श्रोता दिल थाम के को भारत की अग्रणी ऑडियो स्ट्रीमिंग सेवा जियोसावन पर स्ट्रीम कर सकते हैं, जिसके 100 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। गाने के बारे में बात



करते हुए हुमा ने कहा, एक साथ कई फिल्में और शूटिंग चल रही थी, यह मेरे लिए केक पर चेरी की तरह था। डांसिंग एक ऐसी चीज है जिसे मैं पसंद करती हूं, इसलिए जब जयु ने मुझसे इसके बारे में बात की, तो मैंने हां कह दिया। मुझे दिल थाम के गाने पर परफॉर्म करने में बहुत मजा आया और दर्शक मुझे सुपर मैसी अवतार में देखने वाले हैं।

## 'सुजा दिया यार मार—मार के,' ऋषभ पंत ने इंग्लिश गेंदबाज का बनाया मजाक

नई दिल्ली। इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन ऋषभ पंत ने अपने बल्ले से जलवा दिखाया। पंत ने न सिर्फ शानदार शतकीय पारी खेली, बल्कि स्टंप्स माइक पर उनकी मजेदार कमेंट ने भी फैंस के दिल जीते।

एक वायरल वीडियो क्लिप में पंत गेंदबाजी की गेंदबाजी पर कमेंट किया। एक क्रिकेट फैंस ने अपने सोशल मीडिया पर पंत का यह वीडियो शेयर किया। वायरल क्लिप में पंत को गेंदबाज के लगातार एक ही जगह गेंदबाजी करने पर मजाकिया लहजे में नाराजगी जताते सुना जा सकता है।

## विराट कोहली—रोहित शर्मा खेलेंगे विश्वकप

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए 2027 तक फिट रहकर भारत की वनडे विश्व कप टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। गांगुली ने कहा कि हम सभी को समझना होगा कि हर किसी की तरह एक दिन खेल उनसे दूर हो जाएगा और वह खेल से दूर हो जाएंगे। हाल ही में दोनों ही प्लेयर्स ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान किया था। अगला वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिंबाब्वे और नामीबिया में 2027 में होगा, तब कोहली 38 और रोहित 40 साल के हो जाएंगे। उस समय तक भारत को नौ द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में 27 वनडे खेलने हैं यानी साल में बमुश्किल 15 मैच। गांगुली ने कहा कि



साल में सिर्फ 15 मैच। यह आसान नहीं होगा। कोहली और रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने के बाद वनडे विश्व कप खेलने की इच्छा जताई थी।

अपने खेल को बखूबी समझते हैं

अपने खेलने के दिनों में शानदार वनडे बल्लेबाज रहे गांगुली से जब पूछा गया कि वह रोहित और कोहली को क्या सलाह देना चाहेंगे, उन्होंने कहा कि मैं कोई सलाह नहीं दूंगा। मुझे लगता है कि वे अपने खेल को बखूबी समझते हैं। वे ही फैसला लेंगे। गांगुली ने कहा कि कोहली जैसा खिलाड़ी मिलना आसान नहीं होगा। हालांकि इन दोनों के दिग्गजों के संन्यास के बाद वह भारतीय क्रिकेट को लेकर चिंतित नहीं हैं।

## एक नजर

### बेहतर कार्य करने वाले वन कर्मियों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः सिविल एवं सोयम वन प्रभाग द्वारा फायर सीजन में वनाग्नि सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सिविल एवं सोयम वन प्रभाग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएफओ सिविल पवन नेगी ने बताया कि वन रेंज के तहत इस वर्ष कुल 7 क्रू-स्टेशन स्थापित किए गए थे, जहां से 17 फायर वाचरों सहित 13 रेंज स्तर के कर्मचारी व अधिकारी वनाग्नि पर नियंत्रण के कार्य में दिन-रात जुटे रहे। उनके सहयोग से इस साल जंगलों में आग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो पाया। कार्यक्रम के दौरान प्रभाग स्तर से चुने गए 5 उत्कृष्ट कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी सतर्कता, कार्य-कुशलता और समर्पण से जंगलों को आग की विभीषिका से बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।मुख्य अतिथि ने कहा कि वन संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे समर्पित कर्मचारियों की निष्ठा हमारे पर्यावरण और भविष्य की सुरक्षा का आधार है। इस अवसर पर अन्य अफसरों ने भी वनाग्नि सुरक्षा की तैयारियों और प्रबंधन में सुधार के सुझाव साझा किए, जिससे आगामी वर्षों में और बेहतर रणनीति बनाई जा सके। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी राखी जुयाल, वन क्षेत्राधिकारी पौड़ी रेंज भूपेंद्र सिंह रावत, अनुभाग अधिकारी पौड़ी अरविंद रावत आदि शामिल रहे।

### न्यायालय परिसर से संगम तट तक चलाया सफाई अभियान

रुद्रप्रयाग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहदेव सिंह की अध्यक्षता में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें न्यायालय परिसर से संगम तट तक सफाई की गई। स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक से स्थानीय जनता को जागरू किया गया। रविवार को स्वच्छता अभियान का शुभारंभ स्वच्छता प्रतिज्ञा लेकर की गई। जिला न्यायालय परिसर प्रतिज्ञा लेकर न्यायालय परिसर से अलकनंदा और मंदाकिनी के संगम तट तक वृहद सफाई अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी मात्रा में कूड़ा एकत्र किया गया। अभियान में अनूप नेगी मेमोरियल पब्लिक स्कूल गुलाबराय के छात्र–छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, सचिव/सिविल जज सीडी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि रंजन, न्यायिक मजिस्ट्रेट पारूल थपलियाल, सिविल जज(ज्यूडि) जतिन मित्तल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप जगवाण, सहायक अभियोजन अधिकारी प्रमोद आर्य, कमलेश नेगी, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत, अधिशासी अधिकारी सुनील राणा सहित सभी अधिवक्ता मौजूद थे।

### नपं ऊखीमठ ने चलाया ओंकारेश्वर मंदिर में सफाई अभियान

रुद्रप्रयाग। नगर पंचायत ऊखीमठ की अध्यक्ष कुब्जा धर्मवाण के नेतृत्व में ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें नपं के पर्यावरण मित्र, कार्मिकों के साथ ही सभासद एवं स्थानीय जनता ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर बड़ी मात्रा में कूड़ा एकत्र किया गया। नपं अध्यक्ष कुब्जा धर्मवाण ने कहा कि नगर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए नपं समय–समय पर सफाई अभियान चलाती रहेगी। साथ ही उन्होंने जनता से भी आह्वान किया है कि वे नगर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए आगे आए। सफाई अभियान में सभासद प्रदीप धर्मवाण, बलवीर सिंह पवार धिशासी अधिकारी सुनील वर्मा, आशीष राणा, यशवीर रावत सहित पर्यावरण मित्र सुंदर, चांद, परशुराम, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

### नई टिहरी पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

नई टिहरी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में नगरपालिका परिषद नई टिहरी अध्यक्ष मोहन सिंह रावत की अगुआई में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष रावत ने विधिक सेवा प्राधिकरण की सफाई मुहित को सराहते हुये कहा कि न्यायलय भी लगातार अपशिष्ट प्रबंधन व सफाई अभियान को लेकर लगातार संज्ञान ले रहा है। जो कि सफाई व्यवस्था के लिए अहम कदम है। टीन सेड केमसारी में महिलाओं की मदद से गहन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को ईओ पालिका संजय कुमार के नेतृत्व में पालिका के कर्मचारियों ने नगरपालिका परिषद टिहरी के कार्यालय परिसर की सफाई एवं धुलाई की, साथ ही पालिका कार्यालय के समीप घंटाघर एवं बोराड़ी स्टेडियम में सफाई कार्यक्रम चलाया।

# हाईवे पर खुली मौत, नींद में सरकारी सिस्टम

### झंडाचौक से नगर निगम कार्यालय के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी समस्या



कोटद्वार में बद्रीनाथ मार्ग पर पंजाब नेशनल बैंक के समीप हुआ सड़क पर हुआ गड्ढा

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वारः** नगर निगम अपनी जिम्मेदारियों को लेकर कितना लापरवाह है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण झंडाचौक से नगर निगम कार्यालय के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर देखने को मिल रहा है। दरअसल, बीते वर्ष वर्षाकाल के दौरान पंजाब नेशनल बैंक के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा गड्ढा बन गया था। एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी नगर निगम ने इस गड्ढे की सुध नहीं ली। नतीजा, यह गड्ढा कब किसकी जान पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, गड्ढे के नीचे बरसाती नाला बह रहा है। बीते वर्ष पांच जुलाई को हुई बारिश के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क धंस कर बड़ा गढ्ढा बन गया था। राहगीर गड्ढे की चपेट में आने से चोटिल न हों, इसके लिए आसपास के व्यापारियों ने इसके आसपास पत्थर रख दिए थे। लोगों ने गड्ढे को बंद करने के लिए नगर निगम व स्थानीय प्रशासन को सूचना दी। लेकिन, एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नगर निगम ने इस गड्ढे पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा, आज भी गड्ढा राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। गड्ढे के नीचे से एक नाला भी गुजर रही है। वर्षा होने पर नाले में तेज पानी भी बहता है। ऐसे में यदि कोई बच्चा या बुजुर्ग गड्ढे में गिरा तो एक बड़ा हादसा हो सकता है। यही नहीं सड़क पर पानी भरने के दौरान गड्ढा नजर भी नहीं आता। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम विकास के बड़े-बड़े दावे कर रहा है। लेकिन, एक गड्ढे तक की मरम्मत तक नहीं हो पाई है। स्थिति देखकर लगता है कि नगर निगम किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### न्यायालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** सिम्मलचौड़ स्थित न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार द्विवेदी ने आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। रविवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में न्यायलय के कर्मचारी व अधिवक्ता न्यायालय परिसर में एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए समाज को स्वच्छ भारत निर्माण का संदेश दिया। अभियान के दौरान जगह–जगह फैले कूड़े को एकजगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया गया। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज कुमार द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ समाज निर्माण के लिए हमें सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कूड़े को सार्वजनिक स्थान पर फेंकने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करें। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद जोशी, जीतेंद्र रावत, ललित पटवाल, निशिथ माहेश्वरी, रीना रावत मौजूद रहे।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखे नुक्कड़ नाटक व लेखन के गुर

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः प्रखंड दुगड्डा के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज बल्ली में उत्तराखंड फाउंडेशन (नार्थ अमेरिका) प्रवासी उत्तराखंड सेल एवं किताब क्लब के संयुक्त तत्वावधान समर कैंप का आयोजन किया गया। दस दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, रचनात्मक लेखन, नाटक लेखन सहित अन्य क्रियाकलापों से माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

विद्यालय में आयोजित समर कैंप उत्तराखंड फाउंडेशन के कोर्डिनेटर सुभाष डबराल, स्थानीय समन्वयक प्रसन्न सिंह नेगी, विद्यालय के प्रधानाचार्य युगजीत सेमवाल, किताब क्लब के टीम लीडर आयुष प्रियम, डायरेक्टर स्नेहा सिमरन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य युगजीत सेमवाल ने बताया कि समर कैंप में 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कहा कि समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, भाषण, नृत्य व गायन सहित विभिन्न विधाओं की बारीकियों को सीखा। शिविर के अंतिम दिन छात्रों ने पर्यावरण सरंक्षण, व्यक्तिगत स्वच्छता, सार्वजनिक भाषण कौशल जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इसके अलावा छात्रों ने गढ़वाली, पंजाबी, बंगाली, राजस्थानी, मराठी लोक गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तियां दी। गढ़वाली हास्ट नाटिका ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। सीनियर छात्रों ने शिक्षा के महत्व को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। किताब क्लब की टीम ने लैंगिंक समानता पर आधारित नाटक की प्रस्तुति देकर समाज को संदेश दिया। शिविर में छात्रों ने कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई। शिविर में नेचर वाक, जेंडर सेंसिटाइजेशन, आर्टिफिशियल इंजेलिजेंस, कोरियन, व फ्रंच जैसी विदेशी भाषओं को सीखा। सिंचाई सलाहार समिति के उपाध्यक्ष ने किया नलकूपों का निरीक्षण

# पालिका और विधिक सेवा ने स्वच्छता अभियान चलाया

नई टिहरी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को साथ लेकर नगर पालिका चंबा ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए पंछी कुंज व बादशाही थौल क्षेत्र में सफाई कार्यक्रम चलाते हुए जागरूकता रैली निकाली।

इस मौके पर नगर पालिका चंबा की अध्यक्ष शोभनी धनोला ने कहा कि सफाई अभियान के तहत आम लोगों का जागरूक कर गीला व सूखे कूड़े के सेग्रीगेशन को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्रों में वृहत स्वच्छता अभियान को लेकर डीएम नितिका खंडेलवाल ने भी स्वच्छता अभियान को जरूरी बताया है। उन्होंने इस अभियान को तहसीलों, कार्यालयों एवं अन्य क्षेत्रों में चलाने को कहा है। कूड़े के उचित प्रबंधन के लिए नगर पालिका के कूड़ा वाहनों से कूड़े को डंपिंग जोन तक पहुंचाने का भी प्रोपर काम किया जाए। इस अवसर पर अपर जिला न्यायधीश नसीम अहमद ने कहा कि हम सब देशवासियों का नैतिक दायित्व है, कि हम अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध एवं साफ रखे, नियमित रूप से गीला व सूखा कचरा अलग अलग डाले। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में कोर्ट के अधिकारी, कर्मचारी एवं अधिवक्तागणों ने भी स्वच्छता अभियान (श्रम दान) चलाकर सफाई की। स्वच्छता की शपथ भी ली।

गणपति पैलेस से बादशाही थौल चौक तक एक रैली का आयोजन भी किया। जबकि मुख्य न्यायाधीश मिथिलेश पांडे, परिवार न्यायधीश अब्दुल कय्यूम, सीनियर सिविल जज मोहम्मद याकूब, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक राम त्रिपाठी, एनएसएस स्वयंसेवी मौजूद रहे।

# पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने की केवी की पहलः कांग्रेस

### कांग्रेस कार्यकताओं ने कोटद्वार में पत्रकारों से की वार्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय बनने के बाद भाजपा व कांग्रेस में श्रेय लेने की होड़ मच गई है। एक ओर जहां भारतीय जनता पार्टी व विधानसभा अध्यक्ष केंद्रीय विद्यालय को अपनी उपलब्धि बता रही है वहीं, अब कांग्रेस भी इसके पीछे पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी की पहल बता रही है। कहा कि वर्ष 2006 में तत्कालीन काबीना मंत्री रहे सुरेंद्र सिंह नेगी ने केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा था। सुरेंद्र सिंह नेगी लगातार केंद्रीय विद्यालय खुलवाने के लिए प्रयासरत रहे।

रविवार को महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से पत्रकार वार्ता की गई। वरिष्ठ नेता विजय नारायण सिंह ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खुलवाने के लिए दिए गए पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। वर्ष-2006 में तत्कालीन काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने केंद्रयी विद्यालय के लिए पहल शुरु की थी। इसके लिए वह लगातार प्रयासरत रहे। लेकिन, 2007 में प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बाद केंद्रीय विद्यालय के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कहा कि अगर तत्कालीन भाजपा सरकार में इच्छा शक्ति होती तो उसी समय केंद्रीय विद्यालय अस्तित्व में आ गया होता। जिससे क्षेत्र के लोगों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकते थे। लेकिन कांग्रेस के दोबारा सत्ता में आने के बाद फिर से मंत्री रहते हुए सुरेंद्र सिंह नेगी ने केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की कबायद शुरू की। जिसके लिए झंडीचौड़ एवं कौडिया स्थित गढ़वाल विकास निगम परिसर में स्थित भूमि को चिह्नित किया गया था। कहा कि जिस सरकार के कार्यकाल में केंद्रीय विद्यालय को स्वीकृति मिली है, उसे श्रेय लेने का पूरा अधिकार है। लेकिन जनता को यह बताना जरूरी है कि आखिरकार केंद्रीय विद्यालय के अस्तित्व में आने के लिए पूरे 11 वर्ष साल कैसे लग गए। कहा कि पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने अपने कार्यकाल में कोटद्वार में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए। जिसमें से राजकीय महाविद्यालय के व्यायसायिक पाठ्यक्रम खोलना, भाबर में विज्ञान विषयों की मान्यता सहित अतिरिक्त महाविद्यालय की स्थापना करवाना, भगवंत गलोबल यूनिवर्सिटी खुलवाने में योगदान शामिल है। कहा कि केंद्रीय विद्यालय को कक्षा एक से लेकर कक्षा 12वीं तक खोला जाना चाहिए था। जिसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार से भूमि भवन सहित समस्त आवश्कताओं को पूरा करने की मांग की है। इस मौके पर प्रीवण रावत, विजय रावत, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, महावीर सिंह रावत, सुनील दत्त सेमवाल, सरदार महेंद्र सिंह मौजूद रहे।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते कांग्रेस नेता विजय नारायण सिंह

# नलकूपों की व्यवस्था को बेहतर बनाने का आश्वासन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल ने क्षेत्र में स्थापित नलकूपों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को नलकूपों की व्यवस्था में सुधार का भी आश्वासन दिया।

ऋषि कंडवाल ने कोटद्वार के खूनीबड़, घमंडपुर, हल्दुखाता, निंबूचौड़, मवाकोट, मगनपुर सहित भाबर क्षेत्र के विभिन्न नलकूपों का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि नलकूपों से आमजन को सिंचाई व पेयजल के लिए जल उपलब्ध करवाया जाता है। इसलिए नलकूपों की व्यवस्था को सुधारने के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। जिन नलकूपों की मोटर पुरानी हो चुकी है उन्हें बदला जाएगा। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी समय-समय पर नलकूपों के निरीक्षण के निर्देश दिए। कहा कि नलकूप खराब होने की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे ठीक करने का कार्य करें। इस दौरान ऋषि कंडवाल ने क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को भी सुना। इस मौके पर सिंचाई विभाग के उप प्रभागीय अभियंता अनिल नेगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में नलकूपों का निरीक्षण करते सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ऋषि कंडवाल

### बरसात में समिति चलाएगी पौधा रोपण अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः श्री गुरू गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एंव संबर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वर्षाकाल में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण करने के लिए व्यापक विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि वर्षाकाल में भैरवगढ़ी मंदिर परिसर, यमकेश्वर बिथ्याणी, देवीखाल क्षेत्र में पौधारोपण किया जाएगा। आरपी पंत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आपसी विचार विमर्श करने के बाद कई प्रस्ताव पारित किए गए। वक्ताओं ने कहा कि वर्षाकाल में वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्य संपन्न करवाया जाएगा, जिसके लिए तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी। कहा कि पौधारोपण के लिए समिति की नर्सरी व वन विभाग की नर्सरी से पौध उपलब्ध करवाई जाएगी। समित की पोधशाला की जिम्मेदारी उमानंद बडोला की दी गई। वन महोत्सव के तहत सनेह क्षेत्र में वन विभाग की गंगा वाटिका का निरीक्षण किया जाएगा। तत्पश्चात आवश्कतानुसार पोधारोपण किया जाएगा। ग्रास्टनगंज स्थित रामलीला मैदान में विगत वर्ष रोपे गए पौधों का भी निरीक्षण किया जाएगा, नष्ट हुए पौधों की जगह नए पौधों का रोपण किया जाएगा। इस मौके पर अशोक नेगी, प्रमोद डोबरियाल, डीआर बौंठियाल, सुनील कुमार, जगदीश चंद्र जोशी, उमानंद बडोला, प्रकाश हेमदान मौजूद रहे।

# नवनियुक्त जिलाधिकारी ने संभाला कार्यभार

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः** भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने रविवार को पौड़ी जिले की नवनियुक्त जिलाधिकारी के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कोषागार स्थित डबल लॉक में पहुंचकर संबंधित पंजिकाओं का निरीक्षण करते हुए औपचारिक रूप से पदभार संभाला। 2012 बैच की आईएएस अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के करियर की शुरुआत छत्तीसगढ़ कैडर से की थी और वर्ष 2015 में वह उत्तराखंड कैडर में स्थानांतरित हुईं। उत्तराखंड में उन्होंने मसूरी और देहरादून में उपजिलाधिकारी के रूप में कार्य किया, जबकि वर्ष 2018 से 2021 तक वह चमोली जिले की जिलाधिकारी रही हैं। चमोली में तैनाती के दौरान उन्होंने 2021 में ग्लेशियर आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों का सफल नेतृत्व किया, जिसकी सराहना राष्ट्रीय स्तर पर की गई।स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नमामि गंगे अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उन्हें वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व वह अपर सचिव राज्यपाल, सचिव तकनीकी शिक्षा, निदेशक भाषा संस्थान, सचिव हिन्दी अकादमी, परियोजना निदेशक उत्तराखंड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड, सिंचाई विभाग एवं मिशन निदेशक एनएचएम जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही थी। इस अवसर पर एडीएम अनिल सिंह गर्ब्याल, एसडीएम दीपक रामचंद्र शेट, डीडीओ मनविंदर कौर, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद, सहायक कोषाधिकारी अवधेश चंद, तहसीलदार दीवान सिंह राणा आदि शामिल रहे।

# सालों से बंद पड़े गैच्वांण गांव (सांकरी) सब स्टेशन को शुरू कराने की मांग

रुद्रप्रयाग। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच उत्तरकाशी के शिविर में उपभोक्ताओं ने पंचगाई क्षेत्र के 65 गांव के लिए करोड़ों रुपये से बने गैच्वान गांव सब स्टेशन पर ताले लटकने का मामला उठाया। उपभोक्ता ने कहा कि सब स्टेशन शुरू न होने के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। सब स्टेशन चालू न होने से फीडर लम्बा होने के कारण लाइन लॉस के साथ ही बड़े फॉल्ट से विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहती है। इस दौरान बिल, नए कनेक्शन, विद्युत पोल, लाइन शिफ्टिंग समेत अन्य सुविधाओं को लेकर 31 शिकायतें दर्ज हुईं। विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच उत्तरकाशी के द्वारा मोरी के सीमांत गांव जखोल गांव में बिजली उपभोक्ताओं के लिए शिविर आयोजित किया। शिविर में बिजली उपभोक्ताओं ने पिछले कई साल से बंद पड़े गैच्वांण गांव (सांकरी) सब स्टेशन को शुरू कराने की मांग की है। कहा कि करोड़ों खर्च करने के बाद एक व्यक्ति द्वारा सब स्टेशन को शुरू न कराए जाने पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान मंच के तकनीकी सदस्य भूपेंद्र सिंह कनेरी और उपभोक्ता सदस्य संतोष भट्ट ने विभाग को उपभोक्ताओं के हितों को देखते हुए जल्द विवाद सुलझाने के निर्देश दिए। साथ ही उपभोक्ताओं को भरोसा दिया कि सुचारू विद्युत आपूर्ति को देखते हुए प्रकरण माननीय आयोग के संज्ञान में लाया जाएगा। ताकि समस्या का समाधान निकल सके। इस दौरान उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन देने, सेब, आलू आदि के बागीचों में बने घरों में कनेक्शन देने तथा लाइन बिछाने, दूर दूर तक बने घरों को दी गई सर्विस कनेक्शन को नजदीकी पोल से देने तथा गांव में जीर्ण शीर्ण विद्युत पोल बदलने तथा घरों के ऊपर खतरा बन रही विद्युत लाइन को शिफ्ट करने कराने का अनुरोध मंच से किया। मंच ने विभाग को पोल, लाइन शिफ्टिंग को नियमानुसार करने के निर्देश दिए। इस दौरान 21 लोगों ने बिल, 4 लोगों ने नए कनेक्शन देने तथा 7 ने संयोजन को नजदीकी पोल से देने तथा जर्जर लाइन बदलने की शिकायत दर्ज की।

### श्रीनगर में जल्द बनकर तैयार होगा गंगा म्यूजियम

श्रीनगर गढ़वाल। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने रविवार को श्रीनगर के पुरानी आईटीआई के पास पांच करोड़ की लागत से बनने वाले गंगा म्यूजियम का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में गति लाने एवं गुणवत्ता को बनाए रखने के निर्देश दिए।डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि श्रीनगर को गंगा म्यूजियम के रूप में एक नई सौगात मिलने जा रही है जिससे यात्रियों में एक आकर्षण का केंद्र तो बनेगा ही साथ ही इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।डॉ. रावत ने बताया कि आरडब्ल्यूडी कार्यदाई संस्था के द्वारा बनवाया जा रहा गंगा म्यूजियम दो मंजिला बनेगा जिसमें दो हाल कमरे और बाथरूम आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

# पहला मैच सिटी क्लब व दूसरे मैच टिहरी क्लब के नाम रहा

नई टिहरी। विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल विभाग के आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय सॉफ्टबाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीडीओ वरुणा अग्रवाल ने किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि खेलों में युवा अपने कैरियर को संवारने का काम करें। खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में आरक्षण देने का काम सरकार ने शुरू किया है। सीडीओ अग्रवाल ने बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों से परिचय लेते हुए उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया, साथ ही बौराड़ी क्रीड़ा मैदान को सुधारने के लिए प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। जिला सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के सचिव कमल नयन रतूड़ी ने सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के खेल के क्षेत्र में प्राप्त उप्लब्धियों की जानकारी सीडीओ को दी। एसोसिएशन के 16 खिलाड़ियों ने अभी विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया है। टिहरी जैसे पहाड़ी जिले में सॉफ्टबॉल और बेसबॉल जैसे नए खेलों में छात्र–छात्राओं को पारंगत कर उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करवाने की जानकारी दी गई। जिला स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जिले से पांच टीमों के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। जिसमें रविवार को खेला गया पहला मैच में सिटी क्लब और सम्राट क्लब के बीच हुआ। मैच 10–0 से सिटी क्लब नई टिहरी के पक्ष में रहा। प्रतियोगिता का दूसरा मैच अब्दुल कलाम क्लब और टिहरी क्लब के बीच में खेला गया। जिसमें टिहरी क्लब 10–07 के अंतर से विजयी रहा। प्रतियोगिता का तीसरा मैच भागीरथी पुरम क्लब और सम्राट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सम्राट क्लब 07–05 से विजयी हुवा। प्रतियोगिता का चौथा मैच सिटी क्लब और भागीरथीपुरम क्लब के बीच खेला गया।

# बिजेंद्र रावत बने थौलधार ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष

नई टिहरी। जनपद के रामगढ़ में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में बिजेंद्र रावत को थौलधार ब्लाक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन कर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा एवं प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर मौजूद प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत बनायें। पंचायत चुनाव आ गए हैं। इसके लिए बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी तय करना सुनिश्चित करें। पंचायतें हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कांग्रेस ने आजादी के बाद ग्रामीण विकास को विकास का मुख्य आधार बनाया और पंचायतों को मजबूती दी। मनरेगा योजना को लागू कर रोजगार गारंटी दी। जिससे गांव में रह रहे प्रत्येक ग्रामवासी का जीवनयापन हो सके। कांग्रेस का पंचायतों में प्रतिनिधत्व होने से योजनाओं को अमलीजामा पहनाकर योजनाओं को मजबूती प्रदान की जाएगी। कहा कि भाजपा शासनकाल में विकास कार्य अवरुद्ध हैं। कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस की नीतियों एवं कांग्रेस के समय के कार्यों को घर घर तक पहुंचायें। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर संघर्ष करें। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष बिजेंद्र रावत ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है। उसके लिए विधायक विक्रम सिंह नेगी एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। मेरी प्राथमिकता संगठन को ग्राम स्तर पर मजबूत करना होगा साथ ही कार्यकर्ताओं से बेहतर सामंजस्य स्थापित कर कांग्रेस की नीतियों को घर घर पहुंचाना रहेगा। बैठक में पीसीसी सदस्य नरेंद्र राणा, प्रताप सिंह रावत, दिनेश कृषाली, बुद्धि सिंह राव, नरेंद्र सिंह रावत, अनिल राणा, बलवीर कोली, ओम भट्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष बिसला देवी, गुड्डी देवी, बचनी देवी, विनीता देवी, संतोषी देवी, रीना देवी आदि मौजूद रहे।

### अहाना, साजन, आदर्श और शीतल ने जीती क्रास कंट्री

श्रीनगर गढ़वाल। विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल विभाग पौड़ी की ओर से विभिन्न वर्गों की क्रास कंट्री प्रतियोगिता में रविवार को 147 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान के खेल अधिकारी कुलदीप सिंह ने स्थानीय गोला पार्क से क्रास कंट्री को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो कि पराग डेयरी से होते हुए वापस गोला पार्क में संपन्न हुई।

अंडर 14 बालिका वर्ग में अहाना ने प्रथम, अदिति ने द्वितीय, अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर–14 बालक में साजन ने प्रथम, समर्थ ने द्वितीय और भव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### थानाध्यक्ष नेगी ने स्थानीय लोगों से किया संवाद

नई टिहरी। रविवार को चंबा थाने के नव नियुक्त थानाध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी ने चंबा के व्यापारियों व आम लोगों के साथ गोष्ठी आयोजित कर संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं का जाना और समन्वय से निस्तारण का भरोसा दिया।

आम लोगों को अहम जानकारियां भी दी गई। थानाध्यक्ष नेगी ने गोष्ठी में मौजूद सभी व्यक्तियो को अपने– अपने प्रतिष्ठानो में लगे सभी व्यक्तियों के सत्यापन करवाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। सभी व्यक्तियो को अपने–अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने। वाहनों को नियत पार्किंग स्थलों पर लगाने। यातायात नियमों का पालन करने।

# अधिवक्ताओं ने स्वच्छता का संदेश दिया

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के निर्देश पर रविवार को श्रीनगर में अधिवक्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं सिविल जज अलका के नेतृत्व में न्यायालय परिसर, डांग, गढ़वाल विवि परिसर सहित श्रीनगर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने प्लास्टिक का कूड़ा–करकट एकत्रित कर उसका निस्तारण किया। अभियान में स्थानीय लोगों से कूड़े को कूड़ेदान में डालकर शहर को स्वच्छ बनाने की अपील की गई। सिविल जज अलका ने कहा कि लोगों को स्वच्छता को अपने स्वभाव में लाने की जरूरत है, तभी जाकर शहर, प्रदेश और देश स्वच्छ होगा। उन्होंने सभी लोगों से शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए कूड़ा–करकट कूड़ादान में डालने की अपील की। अभियान में बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी, अध्यक्ष प्रमेश चंद्र जोशी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह, विकास कठैत आदि मौजूद थे। इधर, तहसील विधिक सेवा समिति कीर्तिनगर के अध्यक्ष एवं सिविल जज जूनियर डिवीजन कीर्तिनगर शैलेंद्र कुमार यादव एवं समिति के सदस्य व कार्यक्रम संयोजक पैनल अधिवक्ता चंद्रभानु तिवाड़ी की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभागों के प्रभारी व कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली के उपनल कर्मियों को मिले मेडिकल सुविधा

देहरादून। विद्युत संविदा एकता मंच ने उपनल कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा को जल्द सुनिश्चित किए जाने की मांग की। एकता मंच की बैठक में संयोजक विनोद कवि ने कहा कि हर साल बिजली की खतरनाक लाइनों पर काम करते हुए उपनल कर्मचारी अपनी जान गंवा रहे हैं। आजीवन अपंग हो रहे हैं, लेकिन मैनेजमेंट उनके आश्रितों की सुध तक नहीं ले रहा है। कहा कि न तो उपनल कर्मचारियों को इलाज मुहैया कराया जा रहा है। महीनों से ईएसआई से इलाज की सुविधा समाप्त हो गई है, लेकिन मैनेजमेंट को सुध लेने की भी फुरसत नहीं है। बिना इलाज के उपनल कर्मचारी और उनके आश्रित दिक्कतों से जूझ रहे हैं। तीन संविदा कर्मचारी करंट से अपनी जान गंवा चुके हैं। उन्हें कोई सम्मानजनक मुआवजा नहीं दिया गया। न ही आश्रित को रोजगार दिया गया। श्रम कानूनों तक को यूपीसीएल में नहीं माना जा रहा है। हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को भी दरकिनार कर दिया गया है। न नियमितीकरण और न ही समान काम का समान वेतन दिया जा रहा है। संयोजक मनोज पंत ने कहा कि शासन स्तर से स्थगित किए गए महंगाई भत्ते को भी आज तक बहाल नहीं किया गया। नियमितीकरण को लेकर भी सरकार अपना वादा नहीं निभा रही है। इसके खिलाफ 28 जुलाई को यूपीसीएल मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। बैठक में प्रेम भट्ट, अनिल भट्ट, कैलाश उपाध्याय, कंचन जोशी, संदीप रावत, सुधीर रावत, नागेंद्र प्रसाद, मंजू तिवारी, सुरेंद्र रयाल, नागेंद्र मेंदोला, मंजू तिवारी, सुरेंद्र रयाल, अनिल भट्ट, विनोद नेगी, प्रेम भट्ट, संदीप रावत, कंचन जोशी, सुधीर रावत, यतीश वशिष्ठ, कैलाश उपाध्याय, प्रदीप रावत, दीपक वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वच्छता अभियान चलाया

पिथौरागढ़। नगर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वच्छता अभियान चलाया। रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शंकर राज के नेतृत्व में न्यायालय परिसर के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजन को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। विधिक सेवा प्राधिकरण के ओर से आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले केन्द्रीय विद्यालय व राजकीय कन्या हाईस्कूल बजेटी के विद्यार्थियों को पुरस्कृत देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर जिला जज गीता चौहान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सिंह, सिविल जज सीनियर डिवीजन आरती सरोहा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मंजू देवी, सिविल जज जूनियर डिवीजन पूनम टोडी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तान्या मिड्डा सहित अधिवक्ता, व्यापार संघ अध्यक्ष तपन रावत, मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष जनक जोशी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### वन दरोगा की परीक्षा में 790 अभ्यार्थी अनुपस्थित

पिथौरागढ़। प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन करने के बाद परीक्षा के लिए न पहुंचना वन दरोगा की लिखित परीक्षा में भी जारी रहा। रविवार को यहां हुई लिखित परीक्षा में पंजीकृत 790 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी। सीमांत में उत्तराखण्ड अधीनस्थ चयन आयोग की ओर से आयोजित वन दरोगा की लिखित परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बायोमेट्रिक उपस्थिति व पुलिस की सघन जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करने दिया गया। नकल न हो इसके लिए परीक्षा केंद्र में जैमर का प्रयोग किया गया।

एडीएम योगेंद्र सिंह ने बताया कि वन दरोगा परीक्षा के लिए यहां सात परीक्षा केंद्र बीएलएस ऐंचोली, एलएसएम कैंपस, एलडब्ल्यूएस भाटकोट, मल्लिकार्जुन स्कूल, केएनयू जीआईसी, एसडीएस जीआईसी, एशियन एकेडमी में परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा के लिए 2 हजार 634 छात्र–छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें से 1 हजार 844 छात्र–छात्राएं परीक्षा देने पहुंचे। बताया कि शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए केंद्रों में पुलिस बल तैनात रहा। सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट ने भी बारी–बारी से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### कैंसर इंस्टीट्यूट के सामने पसरा सीवर, यात्री परेशान

हल्द्वानी। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के सामने रविवार को सीवर ओवर फ्लो हो कर सड़कों में चारों तरफ पसर गया। जिससे वहां से गुजरने वाले यात्रियों ने काफी परेशानी का सामना किया। रविवार सुबह हुई बरसात के चलते शहर में कई जगह जलभराव हुआ। वहीं कई जगह पर सीवर लाइन चोक हो गई। कैंसर इंस्टीट्यूट के सामने एक सीवर ओवर फ्लो हो गया।

# झमाझम बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत , सड़कें पानी से लबालब



ऋषिकेश। शहर में रविवार को एक बार फिर मौसम का रुख बदल गया। सुबह अचानक झमाझम बारिश से सड़कें पानी से लबालब हो गईं। बारिश के बाद ठंडी हवाओं ने स्थानीय लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत दी। अन्य दिनों के मुकाबले पर्यटन स्थलों पर भी खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाने के लिए लोगों की ज्यादा भीड़भाड़ नजर आई। रविवार सुबह से ही आसमान काले बादलों से घिरा रहा था। 11 बजे बाद अचानक रिमझिम बारिश की शुरुआत हुई, जो कि देखते ही देखते झमाझम में बारिश में तब्दील हो गई। बारिश से बचने के लिए किसी ने छाते, तो किसी ने बरसाती का सहारा लिया।

चारधाम ट्रांजिट केंद्र में कुछ महिलाएं हाथ में ली प्लास्टिक के कवर को ही छाते के रूप में इस्तेमाल कर बारिश से बचने की कोशिश करतीं नजर आई। आधे घंटे हुई बारिश से नगर क्षेत्र मुख्य मार्ग पर कोयलघाटी, पुरानी चुंगी, तिलक रोड तिराहा और आंतरिक मार्गों बारिश के पानी से जलमग्न दिखे। इससे पैदल गुजरने वाले लोगों को खासी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। बारिश थमने के बाद मौसम सुहाना होने के साथ ही बाजार में चहल–पहल काफी बढ़ गई। पर्यटन स्थलों पर भी वीकेंड पर पहुंचे आसपास के राज्यों की भीड़ दिखी। दिन ढलने तक पर्यटन स्थल लोगों के हुजूम से पैक रहे। हालांकि, तापमान अधिकतम 30 और न्यूनतम 24 डिग्री ही रिकॉर्ड किया गया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से लेकर अपराह्न तक आसमान काले बादलों से जरूर ढका रहा है, मगर बारिश की एक बूंद भी नहीं गिरी। उमस के चलते ग्रामीणों को दो–चार होना पड़ा।

### सवर्ण आयोग का तत्काल गठन करे सरकार

देहरादून। अखिल भारतीय समानता मंच की रविवार को हुई बैठक में सवर्ण आयोग का गठन किए जाने की मांग की गई। अध्यक्ष विनोद धस्माना ने कहा कि जातिगत आरक्षण और एससी एसटी ऐट्रोसिटी एक्ट की दोषपूर्ण धाराओं को संविधान से हटाया जाए। कहा कि जल्द मांगों के निस्तारण को ठोस रणनीति तैयार की जाएगी। समानता मंच की वर्चुअल हुई बैठक में अध्यक्ष विनोद धस्माना ने कहा कि सवर्णों के साथ हो रहे अन्याय को रोकने को जल्द सवर्ण आयोग का गठन किया जाना बेहद जरूरी हो गया है। इसके लिए जोर शोर से आवाज उठाई जाएगी। कहा कि संगठन को मजबूत बनाने को सभी जिलों में मंच की इकाइयों का गठन किया जाएगा। नए सदस्यों को साथ जोड़ा जाएगा। आम जनता को साथ जोड़ने को अभियान चलाया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव वीपी नौटियाल, धीरेंद्र कांडपाल, विक्रम सिंह, अनिल चंद, लक्ष्मी नेगी आदि मौजूद रहे।

# चारों धामों के साथ ही अन्य मंदिरों में भी बढ़े तीर्थ यात्रीः हेमंत द्विवेदी

देहरादून। उत्तराखंड में चारों धामों के साथ ही अन्य मंदिरों, धामों में भी तीर्थ यात्रियों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है।

बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि उत्तराखंड में धामी सरकार की नीतियों के कारण तेजी से तीर्थाटन बढ़ रहा है। बीकेटीसी अध्यक्ष द्विवेदी बोले की बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई है। मंदिर समिति के सहवर्ती मंदिरों में भी तीर्थ यात्रियों की संख्या बढ़ी है।

प्रदेश सरकार और मंदिर समिति की ओर से तीर्थयात्रियों के लिए आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। कहा कि यह कहना गलत है कि धामों में तीर्थ यात्रियों की संख्या घटी है। 21 जून तक बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में ही 2829718 आनलाईन पंजीकरण और 7660 आफ लाईन पंजीकरण हुए हैं। बदरीनाथ धाम के लिए 1361145 और केदारनाथ धाम के लिए 1468573 आनलाइन पंजीकरण हुए। कहा कि पंजीकरण की तुलना में रिकार्ड 2146308 तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन किए। इसमें से 945075 तीर्थयात्रियों ने बदरीनाथ धाम और 1201233 तीर्थयात्रियों ने केदारनाथ धाम के दर्शन किए। हेमकुंड साहिब पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी डेढ़ लाख से अधिक पहुंच गई है। धामों के अलावा अन्य मंदिरों में भी भीड़ द्विवेदी ने कहा कि तृतीय केदार तुंगनाथ में 80 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए हैं। बड़ी संख्या में तीर्थयात्री द्वितीय केदार मद्महेश्वर और नृसिंह मंदिर जोशीमठ, विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ सहित सिद्धपीठ कालीमठ दर्शन को पहुंच रहे हैं। इसके अलावा कार्तिक स्वामी मंदिर रूद्रप्रयाग में पिछले वर्षों आए श्रद्धालुओं की तुलना में इस बार संख्या चार गुना अधिक पहुंच गई है। जगन्नाथ मंदिर उत्तरकाशी में 25 हजार तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए हैं। गोपीनाथ मंदिर गोपेश्वर सहित पंच बदरी और पंच केदार में भी श्रद्धालुओं की संख्या में तीर्थयात्री दर्शन को पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं को पुख्ता किया गया है। यही कारण है कि अभी तक चारधाम यात्रा पंजीकरण 45 लाख के पार पहुंच गया है। तैंतीस लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन कर लिए है। विभिन्न स्तरों पर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को मजबूत करने को प्रदेश सरकार ने कई बेहतर कार्य किए हैं।

# शहर में स्वच्छता को चला व्यापक अभियान



ऋषिकेश। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर रविवार को शहर में व्यापक सफाई अभियान चला। इसमें ऋषिकेश की अदालत के जज, पुलिस, अग्निशमन, बार एसोसिएशन और प्राधिकरण पैरालीगल वॉलिंटियर्स समेत 200 लोग शामिल हुए। उन्होंने कोर्ट परिसर से लेकर अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साफ–सफाई की। इस दौरान स्थानीय लोगों और सैलानियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। रविवार को आयोजित अभियान में की शुरूआत सुबह सात बजे कोर्ट परिसर से हुई। यहां से सड़कों पर फैले कचरे का एकत्र करते हुए अभियान में शामिल जज, पुलिस, अधिवक्ता आदि इंद्रमणि बडोनी चौक से देहरादून रोड होते हुए संयुक्त यात्रा बस अड्डे पर पहुंचे। उन्होंने जगह–जगह फैले खाद्य पदार्थों के रैपर, प्लास्टिक की बोतलें और ग्लास आदि को इकट्ठा किया। बस अड्डे पर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने की अपील भी दोहराई। बस अड्डे से आदर्शग्राम की गलियों से होते हुए सभी कोतवाल पहुंचे। यहां सूक्ष्म जलपान के बाद वापस कोर्ट परिसर में अभियान का समापन दस बजे हुआ। इस बीच अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह डुंगराकोटी ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता का होना बेहद जरूरी है। यह एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि इससे प्रेरित होकर लोगों को स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा भी बनाना होगा। उन्होंने स्वच्छता के इस अभियान में प्रत्येक नागरिक को सहभाग करने के लिए भी कहा। अभियान में सिविल जज सीनियर डिविजन विनोद कुमार बर्मन, सीविल जज जूनियर डिविजन भूपेंद्र शाह, सीविल न्यायिक मजिस्ट्रेट नंदिता काला, अभिषेक मिश्रा, कोतवाल प्रदीप राणा, एसएसआई शिशुपाल राणा, एसआई नवीन डंगवाल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सजवाण, महासचिव शैलेंद्र सेमवाल, भूपेंद्र शर्मा, स्वरूप सिंह खरोला, मोहन पैन्यूली, देवेंद्र कुलियाल, राकेश थपलियाल, अतुल यादव, सुनील नवानी, हरीश आजाद, राज कौशिक, कुंवर सिंह, हरीश राणा आदि शामिल रहे।

### पर्यटकों ने सरस्वती और देवबन ट्रेक का उठाया आनंद

विकासनगर। गर्मियों की छुट्टी में पर्यटकों के चकराता पहुंचने का सिलसिला जारी है। इस वीकेंड पर पर्यटकों ने चकराता पहुंच पर्यटन स्थलों का दीदार कर यहां के ठंडे मौसम का आनंद लिया। शनिवार से ही चकराता और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच गए थे।

पर्यटकों के आने से यहां के बाजार व पर्यटन स्थल गुलजार हैं। शनिवार शाम व रविवार को भी बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से यहां के व्यापारी खुश नजर आए। रविवार सुबह से ही पर्यटकों ने घूमने के लिए टाइगर फॉल, कोटी कनासर, देवबन, कोटी बेनाल वाटर फॉल, किमोना फॉल, सनसेट, सनराइज प्वाइंट पहुंचकर प्राकृतिक नजारों का दीदार किया। वहीं मोयला टॉप, सरस्वती ट्रेक व देवबन ट्रेक पर ट्रेकिंग कर आनंद लिया।

# बिनसर घाटी के गांवों में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

अल्मोड़ा। ताकुला विकासखंड की बिनसर घाटी में लोक प्रबंध विकास संस्था द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान में दो दर्जन से अधिक गांवों में रैलियों, गोष्ठियों और कठपुतली कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर बिखरे कूड़े का निस्तारण किया गया और स्थानीय लोगों ने अपने गांवों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रत्येक गांव में गंदगी वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां नियमित रूप से श्रमदान करने और सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कांडे, कोतवाल गांव, पनेर गांव, डोटियाल गांव, मेहर खोला, पट्यूड़ी, भकूना, डांगा, सुनोली, तिलकपुर, नगशीला, कौशल धार, कोट्यूड़ा, पाटिया सहित अन्य गांवों में यह अभियान सक्रिय रूप से चलाया गया। इन अभियानों में संसाधन पंचायत संगठनों, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों, वन पंचायत सरपंचों और निवर्तमान पंचायत प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि संस्था द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों से गांवों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अब ग्रामीण कूड़ेदानों का उपयोग कर रहे हैं और अपने परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सामूहिक श्रमदान की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने में तारा देवी, भगवंती, मंजू, हेमा,अशोक भोज, पूजा बोरा, दीप्ति भोजक, हंसी पंत, रीता लोहनी और दीवान राम सहित कई स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# झाझरा और आसपास के लोग लो वोल्टेज की समस्या से परेशान

विकासनगर। झाझरा और आसपास के क्षेत्र के लोग लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या से परेशान हैं। वोल्टेज के कम होने से लोगों के घर में लगे टीवी, फ्रिज, कूलर काम नहीं कर रहे हैं। उमस भरी गर्मी में लोगों को बिना पंखे के ही घर के अंदर रहना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के नेतृत्व में यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने प्रेमनगर स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय पहुंचे लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी के इस दौर में लो वोल्टेज की समस्या ने आम जनता, खासकर बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों का जीवन दूभर कर दिया है। बीते तीन वर्षों से झाझरा, श्रीरामपुरम और श्रीराम कॉलोनी में यह समस्या बनी हुई है लेकिन अभी तक समाधान नहीं निकला है। लोगों ने बताया कि कम वोल्टेज की वजह से सिर्फ घरेलू उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि किसान भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप वोल्टेज कम होने के कारण चल नहीं पा रहे हैं। जिसके चलते किसान समय पर फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि बीच–बीच में हुई बारिश से काफी राहत मिली है। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में जल्द ही वोल्टेज सुधार किया जाए। जिससे राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में मोर्चा अध्यक्ष निरंजन चौहान, नरेंद्र सिंह नेगी, राम रतन नेगी, पृथ्वी सिंह रावत, शीशपाल सिंह रावत, इंदु रावत, रेणु देवी, संतोष बिष्ट, किरन धोढ़ियाल, मनीष गोसाई, संतोष बिष्ट आदि शामिल रहे।

### बारिश से ठप हुआ नगर निगम का लिगेसी प्लांट

हल्द्वानी। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं नगर निगम के लिए बारिश परेशानी का कारण बन गई है। कूड़ा निस्तारण को ट्रंचिंग ग्राउंड में लगाया गया लिगेसी प्लांट ठप हो गया। ऐसे में निर्धारित समय में यहां जमा कूड़े का निस्तारण होना मुश्किल हो गया है। गौलापार के ट्रंचिंग ग्राउंड में लगा कूड़े का ढेर स्थानीय लोगों की परेशानी का कारण बना रहता है। इसके निस्तारण को नगर निगम ने यहां लिगेसी प्लांट लगाया है। प्लांट के माध्यम से छह माह में जमा कूड़े के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं अब बारिश का मौसम शुरू होने से तय समय में काम पूरा होना मुश्किल हो गया है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि बारिश के कारण प्लांट प्रभावित हो रहा है। मौसम ठीक होते ही कूड़े का निस्तारण शुरू कर दिया जाएगा।

# अल्मोड़ा में चला वृहद स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान



अल्मोड़ा। उत्तराखंड उच्च न्यायालय नैनीताल और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के तहत रविवार को अल्मोड़ा जनपद सहित रानीखेत, द्वाराहाट और भिकियासैंण में वृहद स्वच्छता एवं जन–जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

अल्मोड़ा में यह कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 10 बजे तक सिमकनी मैदान, खत्याड़ी और आसपास के क्षेत्रों में संचालित हुआ। शुभारंभ स्वच्छता की शपथ के साथ हुआ, जिसमें न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पुलिस, विभिन्न विभागों के अधिकारियों–कर्मचारियों, विद्यार्थियों, आम नागरिकों और अधिकार मित्रों ने सक्रिय सहभागिता की। इसके उपरांत अधिकार मित्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक और जनगीतों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया गया। जनपद न्यायाधीश की अगुवाई में सिमकनी मैदान से कॉलेज रोड, न्यू इंदिरा कॉलोनी होते हुए लोअर माल रोड तक जन–जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें नारे और गीतों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के तहत चार टीमें गठित कर सिमकनी मैदान से इंदिरा कॉलोनी, स्टेडियम, कॉलेज रोड, कर्नाटक खोला और बेस अस्पताल तक श्रमदान किया गया। सफाई अभियान के दौरान लगभग 1000 किलो कूड़ा एकत्र कर नगर निगम को सुपुर्द किया गया।

# सितारगंज के पुस्तकालय में कार्मिकों के पदों के सृजन की मांग



रुद्रपुर। सितारगंज के जीआईसी के पास बने पुस्तकालय के संचालन के लिए कार्मिकों के पद सृजन की मांग को लेकर मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के सदों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपा। रविवार को मंत्री बहुगुणा के आवास पर पहुंचकर नगर में पुस्तकालय निर्माण कराने के लिए आभार जताया। मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना के बाद संचालन व रखरखाव के लिए कार्मिकों की जरूरत है। नियुक्तियां नहीं होने से पुस्तकालय संचालन, भवन रखरखाव और संसाधनों की प्रभावी उपयोगिता बांधित हो रही है। उन्होंने एक प्रशासनिक अधिकारी, एक वरिष्ठ सहायक एवं एक कनिष्ठ सहायक के पद शिक्षा विभाग से शीघ्र सृजित करने की मांग की। मंत्री बहुगुणा ने आश्वस्त किया कि शिक्षा मंत्री से वार्ता कर पुस्तकालय में कार्मिकों की तैनाती की मांग का समाधान कराया जायेगा। यहां मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमनदीप सिंह, जिला सचिव मोहित तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन जोशी, सभासद रवि रस्तोगी, पर्वतीय कर्मचारी संगठन जिला मंत्री प्रदीप यादव एवं नितेश शर्मा मौजूद रहे।

### ग्रामीण बैंक ने पीएमजेजेबीवाई योजना के लाभार्थी को चेक सौंपा

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की गौरीहाट शाखा ने खाताधारक की मृत्यु होने पर नामिनी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना(पीएमजेजेबीवाई) का लाभ दिया। ब्रांच मैनेजर शैलेन्द्र जोशी ने बताया कि बिषखोली निवासी खाताधारक गीता देवी ने पीएमजेजेबीवाई के तहत अपना बीमा कराया था। बीते 24जनवरी को महिला की बीमारी से मृत्यु हो गई। उन्होंने खाताधारक के पति पवन कुमार को योजना के तहत मिलने वाले लाभ के बारे में बताया और आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद बीते रोज शनिवार को दो लाख रूपये का चेक दिया। लाभार्थी पवन ने कहा कि पत्नी के निधन के बाद दो वर्षीय पुत्र की देखरेख के जिम्मेदारी भी उनके ऊपर आ गई है। इससे वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। कहा कि इस मुश्किल वक्त में योजना का लाभ मिलने से उनकी कुछ समस्या दूर हुई है। उन्होंने बैंक प्रबंधक जोशी का आभार जताया है। इधर प्रबंधक जोशी ने पीएमजेजेबीवाई को जनहित की योजना बताते हुए क्षेत्र के सभी लोगों से बैंक की सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने की अपील की है।

# न्यायाधीशों ने अधिवक्ताओं संग स्वच्छता अभियान चलाया

विकासनगर। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में सिविल जज सीनियर डिविजन रविशंकर मिश्रा के नेतृत्व में न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने हाथ में झाडू थामकर सफाई की और कचरा उठाया। इस अभियान के माध्यम से समाज को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सिविल जज मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। आम जनमानस को इसके प्रति जागरूक करने के लिए यह अभियान चलाया गया है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। न्यायिक मजिस्ट्रेट विकास कुमार ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए आसपास का वातावरण स्वच्छ रखना जरूरी है। स्वच्छता में लापरवाही बरतने के कारण बीमारियां फैल रही है। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों समेत अधिवक्ताओं को न्यायालय परिसर व घरों में सफाई पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी।



# एसबीआई ने मृतका के पति को दो लाख का चेक सौंपा

रुद्रपुर। भारतीय स्टेट बैंक दिनेशपुर के ग्राहक सेवा केन्द्र जीरोमास की ओर से तापसी डकूआ का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का बीमा किया गया था। उनकी असामयिक मृत्यु के बाद शनिवार शाम उनके पति वार्ड नंबर सात निवासी मनोज डकूआ को शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार ने बीमा राशि का दो लाख का चेक सौंपा। इस दौरान विनय कुमार, पलविंदर सिंह, जसवीर सिंह, गंगा सिंह, मयंक पांडे, राम दुलाल, श्रवण कुमार, अनिल कुमार, शिवानी देवी, कमल मंडल, संजय ढाली आदि रहे।

### महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाली महिला ने मांगी माफी

विकासनगर। जौनसार बावर के लाखामंडल क्षेत्र की महिलाओं पर सोशल मीडिया पॉडकास्ट में इंटरव्यू के दौरान एक महिला द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर हुए विरोध के बाद महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर माफी मांगी है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व सेशल मीडिया पर एक महिला द्वारा जौनसार बावर क्षेत्र के लाखामंडल की महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया था। जिसके बाद से क्षेत्र के सामाजिक संगठन साथिणी और लाखामंडल की महिलाओं ने पुलिस चौकी में महिला के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके साथ ही स्थानीय महिलाओं ने धरना प्रदर्शन भी किया। बताया जा रहा है कि स्थानीय महिलाओं के गुस्से को देखते आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली महिला ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर माफी मांगी है। लाखामंडल निवासी बचना शर्मा व साथीणी संगठन से जुड़ी डॉ. लीला चौहान ने कहा कि महिला ने माफी मांगते हुए जल्द ही लाखामंडल पहुंचकर सार्वजनिक माफी मांगने की बात कही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सम्मान पर यदि कोई चोट करेगा तो उसे सहन नहीं किया जाएगा।

# महासू मंदिर हनोल में श्रद्धालुओं को मिलेगा रात्रि भोजन

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मैंद्रथ गांव मे स्थित चार भाई महासू देवता के सबसे बड़े भाई बाशिक महासू देवता मन्दिर में आने वाले श्रद्धालुओं को अब हर दिन भोजन मंदिर परिसर में मिलेगा। मंदिर समिति ने शनिवार से नियमित भंडारे की व्यवस्था शुरू कर दी है। बाशिक महासू देवता साल 2006 से नियमित रूप से मैंद्रथ गांव मे पूजन हेतु विराजमान हैं। साल 2010 में देवता का नया मंदिर बनकर तैयार हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से देवता इसी मंदिर में विराजमान हैं। लिहाजा यहां हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का देव दर्शन के लिए आना जाना लगा रहता है। कई श्रद्धालु रात्रि प्रवास जागरण के लिए भी आते हैं। लेकिन मंदिर में परिसर के आसपास भोजन नहीं मिलने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी। खासकर बच्चे और बुजुर्गों को भोजन की व्यवस्था करना मुश्किल होता था। श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए बाशिक महासू देवता मंदिर समिति मैंद्रथ ने बैठक कर निर्णय लिया कि हनोल की तर्ज पर बाशिक महाराज के मंदिर में भी श्रद्धलुओं, पर्यटकों को हर रोज रात्रि लंगर हॉल में भंडारे की व्यवस्था जाएगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं बजीर दीवान सिंह राणा ने बताया कि शनिवार से श्रद्धालुओं के लिए रात्रि भोजन और बिस्तर की व्यवस्था कर गई है, जिससे सभी श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इस दौरान पुरोहित एवं स्याणा मोहनलाल सेमवाल, भुवनेश्वर सिंह पंवार पुजारी एवं कोषाध्यक्ष अभीराम, सचिव रघुवीर पंवार, ठाणी अजय सिंह राणा, दीवान चंद शर्मा, चमन सिंह, श्याम लाल, बस्तराम, नीरज, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338